डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांक:ए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2023 / 6567   दिनांक: 04 / 03/2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थाएं।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर की परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत आने वाले छात्रों के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022–23की परीक्षा जो दिनांक 04 जनवरी 2023 से 28 जनवरी, 2023 के मध्य आयोजित की गयी थी, उनमें जो छात्र / छात्रा अनुचित साधन प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत पाये गये वह छात्र / छात्रा प्रार्थना पत्र द्वारा अपना स्पष्टीकरण दिनांक 15 मार्च 2023 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ई–मेल **aktuufm@gmail.com** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि उक्त छात्र/छात्रा के परीक्षाफल के संबंध में उनके व्दारा प्रस्तुत पक्ष का समिति व्दारा अवलोकन कर यथोचित निर्णय लिया जा सके। यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा उक्त निर्धारित तिथि के अंदर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र/छात्रा को कुछ नहीं कहना है। साथ ही सूचित कराना है कि **स्पष्टीकरण देते समय अनुकमांक एवं संबंधित विषय कोड अवश्य लिखा जाय और ई–मेल एक ही बार किया जाय।**

अतः आपसे अनुरोध है कि संबंधित छात्र / छात्रा को सूचित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

04.3.2023

(प्रो0 एच0 के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक–उपरोक्त ।

1 प्रतिलिपिः– कुल सचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2 संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3 स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
4 प्रभारी, स्टूडेंट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(प्रो0 एच0 के0 पालिवाल)
परीक्षा नियंत्रक